Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding declaring Gazetted Holiday on the occasion of Chhath Festival.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): अध्यक्ष महोदय, सूर्य अराधना का महापर्व छठ पूजा हमारे देश का अत्यंत ही प्राचीन महापर्व है । यह पर्व देश में व्यापक स्तर पर बहुत ही श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है । ऐसे पर्व पर राजपत्रित अवकाश की व्यवस्था नहीं है, इससे देश के करोड़ों-करोड़ श्रद्धालुओं को अपनी आस्था के निर्वहन में कठिनाई आती है । यह चार दिवसीय पर्व है । पर्व की विशेषता यह है कि छठवर्ती इसमें डूबते एवं उगते हुए, प्रकृति के साक्षात देवता भगवान सूर्य को नदियों में स्नान करने के बाद, नदी में ही खड़े हो कर अर्घ्य देते हुए पूजा-अर्चना करते हैं । यह महापर्व विश्व का अनोखा महापर्व है । इसलिए छठ पूजा के श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए, इस पर्व के शुभ अवसर पर राजपत्रित अवकाश घोषित किया जाना आावश्यक है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से प्रार्थना करता हूं कि वह छठ के महापर्व के शुभ अवसर पर राजपत्रित अवकाश देने की घोषणा करे । यह देश के सभी क्षेत्रों में मनाई जाती है । सभी जाति और धर्म के लोग इस पर्व को श्रद्धा के साथ मनाते हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह प्रार्थना करता हूं कि इस अवसर पर निश्चित रूप से गजटेड होलीडे घोषित करने की कृपा करे ।